# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती

E-mail: dfonnagar-forest-uk@nic.in Telefax- 0135-2442052

पत्रांक सं0: 2616 / 12–1 दिनांक 19 / 03 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता, डायरी संख्या 745

अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, फाइल न0 336

श्रीनगर मु0–कीर्तिनगर। दिनांक 02/04/24

विषय :– जनपद–टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत डडुआ से सिरोला होते हुए मयाली पाटाखाल मोटर मार्ग पुल सहित निर्माण हेतु 1.1376 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/21943/2016)

सन्दर्भ:– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1257 / 12–1, दिनांक 01.01.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 06.01.2022 के द्वारा निर्धारित एन0पी0वी0 की धनराशि का आगणन कर संशोधित एन0पी0वी0 की अतिरिक्त धनराशि कैम्पा कोष मे जमा करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के कम में अवगत कराना है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्रांक 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 69 / 2017 / एफ0सी0 / 1646 दिनांक 09.11.2018 के द्वारा प्रकरण पर सैद्धांतिक स्वीकृति निर्गत की गयी है परन्तु प्रस्ताव में वर्तमान तक विधिवत स्वीकृति जारी नहीं की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1257 / PO दिनांक 03–06–2022 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1657 / 1–41(IV) दिनांक 07–01–2022 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिन प्रकरणों में Stage-I Approval जारी की जा चुकी है किन्तु 05 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी वर्तमान तक Stage-II Approval जारी नही हुई है, ऐसे प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण से नई दरों पर एन0पी0वी0 धनराशि जमा करवाने हेतु लिखा गया है। प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति वर्ष 2018 में प्राप्त हुई है, प्रस्ताव को 05 वर्षो से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी, जिसके फलस्वरूप संशोधित नई दरों से निर्धारित अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जानी होगी, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| ईको क्लास | क्षेत्रफल (है0 में) | Stage-I तिथि | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये एन0पी0वी0 धनराशि का विवरण (रू0 में) | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरानुसार एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन (रू0 में) | | | जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | |
| V | 1.1376 | 09-11-2018 | 0.10 | 6,57,000 | 7,47,403 | 0.10 | 10,05,210 | 11,43,527 | 3,96,124 |

अतः उपरोक्त तालिका के अनुसार जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 मु0 3,96,124.00 कैम्पा कोष में जमा करवाते हुए अनुपालन आख्या ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर एक मूल प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

संलग्नक:–यथोपरि।

मांगी वा / Demand Letter तैयार करें

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।

संख्या:– / दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख वन संरक्षक, एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून।

2– वन संरक्षक, भागरथी वृत्त, उत्तरखण्ड, मुनिकीरेती।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।